**शिक्षक दिवस**

**05/09/2026**

इतिहास विभाग में विद्यार्थियों ने मनाया शिक्षक दिवस

नर्मदापुरम। पीएमसीओई शासकीय नर्मदा महाविद्यालय के इतिहास विभाग में विद्यार्थियों द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए विभिन्न प्रस्तुतियाँ दीं।

कार्यक्रम में डॉ. कल्पना विश्वास ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक केवल विषय का ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व एवं भविष्य को दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सीखने, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

डॉ. नरेंद्र पाण्डेय ने कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी का संबंध ज्ञान, संस्कार और विश्वास पर आधारित होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने जीवन में शिक्षकों से प्राप्त मूल्यों को अपनाकर समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देने का आह्वान किया।

श्री सुमेर सिंह ने शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के जीवन में मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं रचनात्मकता की सराहना करते हुए उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी।

साथ ही डॉ सर्वपल्ली राधा कृष्णन पर एक लघु फिल्म दिखाई गई ।

कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र ने किया तथा उन्होंने भी शिक्षक दिवस की महत्ता पर अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर नेहा, पायल, आयुष, अश्विनी कुमार, पूजा, दुर्गा, रिया, वैष्णवी एवं पाखी ने अपने विचार व्यक्त किए तथा कविता-पाठ के माध्यम से शिक्षकों के प्रति अपनी श्रद्धा एवं सम्मान प्रकट किया। विद्यार्थियों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को विशेष रूप से यादगार बना दिया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके मार्गदर्शन को अपने जीवन की महत्वपूर्ण प्रेरणा बताया। संपूर्ण कार्यक्रम उत्साह, सम्मान और आत्मीयता के वातावरण में संपन्न हुआ।


शासकीय नर्मदा स्नातकोत्तर महाविद्यालय,होशंगाबाद (म.प्र.)
JEANS


संग्रहालय
हमारी संस्कृति हमारी धरोहर
शासकीय नर्मदा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, होशंगाबाद (म.प्र.)
5
शिक्षक
दिवस


संग्रहालय
हमारी संस्कृति हमारी धरोहर
शासकीय नर्मदा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, होशंगाबाद (म.प्र.)
5
शिक्षक दिवस


हमारी संस्कृति
शासकीय नर्मदा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, होशंगाबाद
शिक्षक
दिवस




GOVT. NARMADA COLLEGE
HOSHANGABAD
5
शिक्षक
दिवस
ज्ञान
मार्गदर्शन
प्रेरणा